UP Board Solutions for Class 7 Hindi Chapter 13 रानी दुर्गावती (महान व्यक्तित्व)

अभ्यास-प्रश्न

प्रश्न 1:
निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए
(क) दुर्गावती को बचपन में कैसी कहानियाँ सुनने का शौक था?
उत्तर:
रानी दुर्गावती को बचपन में वीरतापूर्ण एवं साहसभरी कहानियाँ सुनने व पढ़ने में अच्छा लगता था।

(ख) दुर्गावती के पुत्र का क्या नाम था?
उत्तर:
दुर्गावती के पुत्र का नाम वीरनारायण था।

(ग) आसफ खाँ ने गढ़मण्डल पर आक्रमण क्यों किया?
उत्तर:
आसफ खाँ ने गढ़मण्डल पर आक्रमण इसलिए किया; ताकि गोंडवाना को जीतकर अकबर के राज्य में मिला दिया जाए।

(घ) पुत्र के अन्तिम दर्शन के लिए रानी ने क्या उत्तर दिया?
उत्तर:
पुत्र के अन्तिम दर्शन के लिए रानी ने उत्तर दिया, "यह मिलने का समय नहीं है। मैं पुत्र से देवलोक में ही मिलूंगी।"

प्रश्न 2:
सही विकल्प चुनिए (सही विकल्प चुनकर)

(क) रानी दुर्गावती दलपतिशाह से विवाह करना चाहती थी, क्योंकि

1. वे बड़े देश के राजा थे।
2. वे बड़े वीर थे।
3. वे बड़े सुंदर थे।

(ख) युद्ध भूमि में रानी ने तलवार अपनी छाती में भोंक ली क्योंकि

1. उनके पुत्र की मृत्यु हो गई थी।
2. वह जीते जी शत्रु के हाथ में पड़ना नहीं चाहती थीं।
3. वह युद्ध नहीं करना चाहती थीं।